# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा — द्वादश (बजट)सत्र

संख्या-01 — बुधवार, दिनांक-17 जनवरी,2018 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.08 बजे अप० तक ।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

### 1.प्रारंभिक वक्तव्य:-

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के द्वादश और इस कैलेण्डर वर्ष के प्रथम सत्र में सभी माननीय सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए विगत वर्ष के बड़ा दिन और तत्पश्चात् मकर-संक्रांति का सुखद एहसास कराते हुए नववर्ष की शुभकामनायें भी दी गयी। उनके द्वारा यह कामना की गयी कि यह वर्ष झारखण्ड के लिए सुख और समृद्धि का वर्ष सिद्ध हो। इस कैलेण्डर वर्ष के प्रथम सत्र के अवसर पर माननीय राज्यपाल महोदया का अभिभाषण होना है, अतएव माननीय सदस्यों से अपेक्षा की गयी कि वे आदर एवं श्रद्धा से राज्य के संवैधानिक प्रमुख के अभिभाषण को सुनेंगे एवं सदन में शालीनता भी बनाये रखेंगे।

इसके उपरांत माननीय राज्यपाल महोदया से प्राप्त संदेश से आसन द्वारा सदन को अवगत कराया गया तत्पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय माननीय राज्यपाल महोदया की अगवानी हेतु गये।

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय राज्यपाल महोदया के साथ आये तदुपरांत राष्ट्रीय धुन बजाया गया।)

### 2.राज्यपाल महोदया का अभिभाषण:-

सभा सचिव द्वारा राज्यपाल महोदया से अभिभाषण दिये जाने हेतु अनुरोध किया गया तत्पश्चात् राज्यपाल महोदया ने सर्वप्रथम चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के सभी माननीय सदस्यों का द्वादश (बजट) सत्र में हार्दिक अभिनंदन किया और झारखण्ड राज्य एवं यहाँ के निवासियों तथा यहाँ की संस्कृति की प्रशंसा करते हुए वर्तमान सरकार की उपलब्धियाँ- महिला सशक्तीकरण, सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान/ओ.डी.एफ. झारखण्ड, कौशल मिशन/नौजवान एवं हुनरमंद झारखण्ड के संकल्प के साथ डिजिटल झारखण्ड, मोमेंटम झारखण्ड, जोहार योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना, वित्तीय समावेशन और मीठी क्रांति से सदन को अवगत कराया। राज्य के चतुर्दिक विकास, उत्खनन कार्यो में पारदर्शिता, राज्य के परंपरागत लघु एवं कुटीर उद्योगों, सुदृढ़ विद्युत की व्यवस्था, सोलर प्लांट, गाँवों से पिछड़ेपन को दूर करने, प्रधानमंत्री आवास योजना, यहाँ की कृषि व्यवस्था, कुपोषण का समूल उन्मूलन, सुदृढ़ यातायात व्यवस्था, हवाई अड्डों का विकास, नियुक्ति प्रक्रिया का सरलीकरण, असाध्य रोगों से पीड़ितजनों की सहायता जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं से सम्बन्धित सारगर्भित तथ्यों को अपने अभिभाषण में इन्होंने समाहित किया।

P.T.O.

(इस दौरान विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यों द्वारा झारखण्ड के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक को हटाये जाने की माँग करते हुए नारेबाजी की जाने लगी।)

सभा सचिव द्वारा माननीय राज्यपाल महोदया के अभिभाषण समाप्त किये जाने सम्बन्धी सूचना पढ़ी गयी तदुपरांत राष्ट्रीय धुन बजाया गया। इसके पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय राज्यपाल महोदया को विदा करने सदन से बाहर गये।

**माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।**

माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के संदर्भ में धन्यवाद प्रस्ताव पर संशोधनों की सूचना आज दिनांक-17 फरवरी, 2018 के 3.00 बजे अप० तक लिये जाने की घोषणा आसन द्वारा की गयी। सुविधा की दृष्टि से प्रत्येक दल की ओर से विधायक दल के नेता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत कोई एक सदस्य इस संशोधन की सूचना दे सकेंगे, के संदर्भ में भी सदन को आसन द्वारा अवगत कराया गया।

## 3.सभापति का मनोनयन:-

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-10 (1) के अधीन निम्नांकित माननीय सदस्यों को चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा मे द्वादश (बजट) सत्र के लिए सभापति के रूप मे मनोनीत करने की घोषणा आसन द्वारा की गयी-

| | |
|---|---|
| श्री स्टीफेन मराण्डी, | स० वि० स० |
| श्री अशोक कुमार, | स० वि० स० |
| श्री फूलचन्द मण्डल, | स० वि० स० |
| श्री आलमगीर आलम, | स० वि० स० |
| श्रीमती गीता कोड़ा, | स० वि० स०। |

## 4.समिति का गठन:-

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 224 (1) के अधीन चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के द्वादश (बजट) सत्र के लिए कार्यमंत्रणा समिति का गठन निम्न प्रकार से किये जाने की घोषणा आसन द्वारा की गयी-

| | | |
|---|---|---|
| श्री दिनेश उरांव | अध्यक्ष | सभापति, |
| श्री रघुवर दास | मुख्यमंत्री | सदस्य, |
| श्री हेमन्त सोरेन | नेता, प्रतिपक्ष | सदस्य, |
| श्री सरयू राय | संसदीय कार्य मंत्री | सदस्य, |
| श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी | मंत्री | सदस्य, |
| श्री आलमगीर आलम | स० वि० स० | सदस्य, |
| श्री प्रदीप यादव | स० वि० स० | सदस्य। |

### विशेष आमंत्रित सदस्य

| | |
|---|---|
| श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह | मंत्री, |
| श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा, | मंत्री, |
| श्री राधाकृष्ण किशोर | मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल, |
| श्री नलिन सोरेन | मुख्य सचेतक, प्रतिपक्ष, |
| श्री स्टीफेन मराण्डी | स० वि० स०, |
| श्री सुखदेव भगत | स० वि० स०, |
| श्री रवीन्द्रनाथ महतो | स० वि० स०, |

P.T.O.

| | |
|---|---|
| श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी | स० वि० स०, |
| श्री बिरंची नारायण | स० वि० स०, |
| श्री अरूप चटर्जी | स० वि० स०, |
| श्रीमती गीता कोड़ा | स० वि० स०, |
| श्री राज कुमार यादव | स० वि० स०, |
| श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता | स० वि० स०, |
| श्री अनंत कुमार ओझा | स० वि० स०। |

नियमानुसार अध्यक्ष इस समिति के सभापति तथा सभा सचिव इसके सचिव होंगे। सभा की कार्यवाही समाप्त होने के तुरंत बाद उक्त समिति की बैठक आज दिनांक-17.01.2018 को अध्यक्षीय कार्यालय में आहूत होने की सूचना आसन द्वारा समिति के माननीय सदस्यों को देते हुए उनसे उपस्थित रहने का अनुरोध किया गया।

## 5.औपचारिक कार्य:-

झारखण्ड विधान सभा के विगत सत्रों में उद्भूत एवं सभा द्वारा पारित विधेयकों की विवरणी सभा सचिव द्वारा सभा पटल पर रखी गई जिसपर माननीय राष्ट्रपति महोदय एवं राज्यपाल महोदया ने अपनी अनुमति प्रदान की है और जिसकी सूचना चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा के एकादश (शीतकालीन) सत्र की समाप्ति के उपरांत प्राप्त हुई है:-

माननीय राष्ट्रपति महोदय द्वारा अनुमत विधेयक की विवरणी-

| क्रमांक | अनुमत विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि | अधिनियम संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | बिहार और उड़ीसा लोक माँग वसूली (झारखण्ड संशोधन) विधेयक,2016 | 14.11.2017 | 23/2017 |

माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा अनुमत विधेयकों की विवरणी-

| क्रमांक | अनुमत विधेयक का नाम | अनुमति की तिथि | अधिनियम संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | झारखण्ड विनियोग (संख्या-04) विधेयक, 2017 | 28.12.2017 | 24/2017 |

## 6. शोक प्रकाश:-

विगत सत्र से अबतक की अवधि में अनेक महत्वपूर्ण राजनेता, साहित्यकार, पत्रकार और शायर हमारे बीच से रुखसत हो गये जिनमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री, रघुनाथ झा, गोड्डा विधान सभा क्षेत्र से निर्वाचित पूर्व विधायक मनोहर टेकरीवाल, एकीकृत बिहार सरकार के पूर्व मंत्री, शाहिद अली खान, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल बनवारी लाल जोशी, सी.पी.आई. के वरिष्ठ नेता, राज्यसभा के पूर्व सदस्य, जलालुद्दीन अंसारी, बिहार से भारतीय जनता पार्टी के वर्तमान विधान पार्षद, सत्येन्द्र कुशवाहा, हिन्दी के प्रख्यात साहित्यकार एवं समालोचक, दूधनाथ सिंह, उर्दू जुबान और शायरी को विश्व भर में दर्जा दिलानेवाले अनवर जलालपुरी, टाईम्स ऑफ इंडिया के वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक, गौतम सिद्धार्थ, दिनांक-14 जनवरी, 2018 को गुमला जिले के भरनो में ट्रक एवं टेम्पो के बीच हुई भीषण टक्कर में 13 लोगों की हुई दर्दनाक मौत, बिहार के सासामुसा चीनी मिल में हुई दुर्घटना में मारे गये लोगों, गंगा में नाव पलटने से छः लोगों की मृत्यु, राजस्थान सड़क हादसे में मारे गये व्यक्तियों और नये साल के अवसर पर महाराष्ट्र स्थित पब में भीषण आग दुर्घटना में जलकर मरे हुए 14 लोगों की मृत्यु पर आसन द्वारा गहरी शोक-संवेदना व्यक्त की गयी तत्पश्चात् बारी-बारी से सदन नेता, माननीय मुख्यमंत्री, श्री रघुवर दास, माननीय नेता प्रतिपक्ष, श्री हेमन्त सोरेन, माननीय, श्री आलमगीर आलम, स.वि.स., श्री चन्द्रप्रकाश चौधरी,

P.T.O.

मंत्री, श्री प्रदीप यादव, सदस्य, श्रीमती गीता कोड़ा, स.वि.स., श्री भानू प्रताप शाही, स.वि.स. श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता, स.वि.स. एवं श्री राज कुमार यादव, स.वि.स. द्वारा भी शोक-संवेदनायें व्यक्त की गयी। माननीय सदस्य, श्री यादव ने इस क्रम में गिरिडीह में बुधनी सोरेन की मृत्यु पर भी शोक-संवेदना प्रकट की।

इसके उपरांत सभा की कार्यवाही गुरुवार, दिनांक-18, जनवरी, 2018 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की गयी ।

राँची,
दिनांक- 17, जनवरी, 2018 ई०।

विनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।